**खबर संक्षेप**



## सड़क पर कई जगह आई दरारें, गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल

**ढीमरखेड़ा।** रामपुर बरेली में भी बारिश के दिनों बनी सड़क में दरारें आ गई हैं।सड़क जर्जर होना शुरू हो गई है। रामपुर में अकौना कच्ची सड़क से शांतिधाम तक सीसी सड़क बनाई गई। सड़क निर्माण हुए अभी साल भर का समय भी नहीं बीता। सड़क में कई जगह दरारें आ गई है।किनारे की तरफ से सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है। कम समय में ही सड़क के खराब होने से गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। ग्राम पंचायत के द्वारा 15वें वित्त से करीब तीन लाख रुपये की लागत से सड़क का निर्माण कराया गया था, ताकि शान्तिधाम तक आने जाने में ग्रामीणों को परेशानी नहीं हो,लेकिन कुछ ही दिनों में सड़क की स्थिति खराब होने लगी है। ग्रामीणों ने सरपंच सचिव पर अनियमितता का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत के निर्माण कार्यों और सरकार की शासकीय योजनाओं में सरपंच सचिव के द्वारा जमकर अनियमितता की जा रही है। इस संबंध में रामपुर बरेली पंचायत सचिव राजेश पटेल का कहना है कि बारिश के पहले गुणवत्तापूर्ण सड़क का निर्माण कराया गया था। जल जीवन मिशन के कार्य के दौरान वाहन निकलने से सड़क खराब हुई है।

## जिला गौपालन एवं पशुधन संवर्धन समिति की बैठक 19 को

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार 19 मई को समय-सीमा बैठक के तत्काल बाद जिला गौपालन एवं पशुधन संवर्धन समिति की बैठक आयोजित होगी। बैठक में मुख्यमंत्री गौसेवा योजना एवं अशासकीय स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा संचालित गौशालाओं में उपलब्ध गौवंश संख्या के आधार पर चारा-भूसा एवं भरण-पोषण की राशि का वितरण किया जाएगा। यह राशि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 22 मई को डीबीटी के माध्यम से अंतरित की जायेगी। डॉ. आर के सोनी उपसंचालक, पशु पालन एवं डेयरी विभाग ने बैठक के दौरान कृषि स्थायी समिति के अध्यक्ष, गिरधारी लाल शर्मा (मनोनीत अशासकीय सदस्य), राहुल द्विवेदी (मनोनीत अशासकीय सदस्य), पुलिस अधीक्षक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, वन मण्डलाधिकारी वन विभाग, उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें, आयुक्त नगर निगम, उपसंचालक कृषि, सचिव मण्डी बोर्ड, प्रबंधक उर्जा विकास निगम जबलपुर एवं प्रबंधक श्री दयोदय पशु सेवा केन्द्र, कैलवारा, माँ शारदा गौशाला एवं पर्यावरण समिति जमुआनीकलॉ, श्री नंद गौशाला समिति ताली रोहनिया से उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

## कुएं में गिरी महिला, अस्पताल में इलाज के दौरान तोड़ा दम

**कटनी।** सूखे कुएं में वृद्ध महिला के गिर जाने पर उन्हें गंभीर चोटें आई। घटना कुठला थाना अंतर्गत ग्राम कन्हवारा में हुई। परिजनों के द्वारा वृद्धा को घायल अवस्था में जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सुबह 11 बजे कन्हवारा निवासी 90 वर्षीय गौरा बाई कुशवाहा बाबरी मोहल्ला के सूखे कुएं में गिरने से घायल हो गई। महिला को बाहर निकालकर परिजनों के द्वारा उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

### शहर में रिंग रोड निर्माण के लिए 90 करोड़ की लागत का है प्रस्ताव

# हरी झंडी के इंतजार में 8 सालों से अधर में लटका शहर में रिंग रोड का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पीरबाबा से जुहला बायपास तक रिंग रोड निर्माण का कार्य अधर में लटका हुआ है। रिंग रोड निर्माण के लिये शुरूआती प्राक्लन में 90 करोड़ का इस्टीमेट तैयार किया गया था। स्टीमेंट पर शासन की हरी झंडी मिलते ही टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जायेगी। इतना तो तय है कि नगर विकास से जुड़े अन्य महत्वाकांक्षी बडे.निर्माण कार्यो की तरह रिंग रोड के निर्माण में भी विलंब भले हो लेकिन निर्माण सुनिष्चित है। इससे न सिर्फ भारी वाहनों का घुमाव बचेगा बल्कि आवाजाही भी बेहद सुविधाजनक होगी। गौरतलब है कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा 12 नवम्बर को आयोजित कटनी में एक जनसभा के दौरान स्थानीय विधायक के मांग पत्र पर जुहला बायपास से पीरबाबा तक रिंग रोड निर्माण की घोषणा की थी। तब से लेकर अब तक यह घोषणा ठंडे बस्ते में रही।



फाइल फोटो

### भारी वाहनों को मिलेगी ज्यादा राहत

उल्लेखनीय है कि हाईवे 43 पर उमरिया, शहडोल या बरही मैहर की ओर से आने वाले भारी वाहनों को यदि जबलपुर की ओर जाना है तो आज की स्थिति में जुहला बायपास पहुंचकर लमतरा फाटक होकर चाका बायपास से होते हुये गनियारी गुलवारा होकर वाहन पीरबाबा पहुंचते है। इसकी दूरी करीब 15 से 20 किलोमीटर पड़ जाती है। ऐसे में भारी वाहनो को घूमकर ही हाइवे पर प्रवेश करना होता है जबकि रात्रि में शहर होकर जोखिम लेकर प्रवेश करते है। जबकि जुहला बायपास से पीरबाबा तक रिंग रोड के निर्माण से वाहनों को सीधा प्रवेश मिलेगा जिससे न सिर्फ समय बचेगा बल्कि ईंधन की खपत भी कम होगी। घूमकर जाने की बजाय सीधे पहुंचने से दूरी भी घटकर आधी रह जायेगी। एनएच पर जबलपुर की ओर से कटनी आने वाले ऐसे वाहन चालक जो एनएच 43 से शहडोल, मनेन्द्रगढ़ व झारखंड के चांडिल तक सफर करते है उन्हे कटनी शहर में प्रवेश नही करना पड़ेगा। रिंग रोड निर्माण का प्रस्ताव लोक निर्माण विभाग ने 90 करोड़ की लागत का भेजा था।

समय एवं ईंधन की होगी बचत

शहर के विकास और समस्याओं के समाधान के लिए यह योजना महत्वाकांक्षी साबित होगी। इसे हजारों लोगों को आवागमन की सुविधा तो मिलेगी साथ ही हादसे भी कम हो जाएंगे। करीब 8 साल से अधिक का समय बीत गया लेकिन अब तक इस प्रस्ताव को राजधानी से हरी झंडी नहीं मिल पा रही है। सरकार प्रदेश में सड़कों का जाल बिछाने का दावा कर रही है लेकिन जिले की इस खास योजना को मूर्तरूप नहीं मिल पा रहा है। रिंग रोड का निर्माण कटनी शहर के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगी। यह परियोजना केवल यातायात समस्या को हल करने तक सीमित नहीं रहेगी बल्कि शहर के भविष्य को आकार देने में भी अहम भूमिका निभाएगी। पीरबाबा बाईपास से चाका बाईपास तक करीब 23 किलोमीटर की दूरी है। चाका बाईपास से जुहला बाईपास तक 15 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता है कुल मिलाकर वाहन चालकों को करीब 38 किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ता है रिंग रोड के निर्माण से यातायात सुविधाएं बेहतर होगी बल्कि आसपास के गांव को भी सीधे जोड़ने का लाभ मिलेगा। सड़क किनारे व्यापारिक प्रतिष्ठानों की स्थापना होगी निर्माण कार्य से लेकर रिंग रोड के बाद आने वाले नए प्रोजेक्ट रोजगार के अवसर प्रदान करेंगे।



## कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन कर किया पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मप्र के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा गत शाम जबलपुर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, आज पूरा देश, देश की सेना और हमारे सैनिक भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चरणों में नतमस्तक हैं।

ऐसे देशद्रोही बयान आते ही कांग्रेस भारत की सेना के पक्ष में मैदान पर उतर आई और कटनी में कांग्रेस जिला अध्यक्ष करण सिंह चौहान की उपस्थिति में प्रदेश के वित्त मंत्री के खिलाफ कचहरी चौराहे में जोरदार प्रदर्शन किया गया जगदीश देवड़ा इस्तीफा दो विजय शाह इस्तीफा दो के नारे लग रहे थे सेवा के खिलाफ बोलने वाले मंत्रियों का मंत्रियों का पोस्टर जलाए।

इसअवसर पर जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अमित शुक्ला , जिला शहर कार्यवाहक अध्यक्ष राजा जगवनी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गुलाम जफर महिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनी वर्मा पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष विजय पटेल सेवादल अध्यक्ष पंकज गौतम सद्भावना प्रकोष्ठ अध्यक्ष जार्ज डेविड जिला कांग्रेस सचिव रॉबिन पीटर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पार्षद ईश्वर बाहरानी श्रीमती शशि यादव श्रीमती कल्पना पाठक महामंत्री अजय जैसवानी विवेक बिरहा अंकित चतुर्वेदी विकल्प पुरुषवाणी एजाज अहमद एडवर्ड प्रिंस गगन तिवारी मंगल सिंह बृजेश मोर उदय सिंह दिलदार खान सत्यम यादव अर्जुन सिंह अशोक बहलानी आदि कांग्रेसी उपस्थित रहे ।

*चोर ने ट्रेक्टर चोरी करने के बाद जंगल में छिपा दिया था*

## चोरी का ट्रेक्टर बेचने की फिराक में था बदमाश, पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

चोरी के ट्रेक्टर को बेचने की जुगत में खड़े बदमाश को रीठी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपित द्वारा घर के सामने खड़े ट्रेक्टर को चोरी करने के बाद उसे जंगल में छुपा दिया था। जंगल से निकाल कर जब ट्रैक्टर को बेचने की तैयारी थी उसी समय पुलिस वहां पहुंच गई और बदमाश को धर लिया।



थाना प्रभारी राखी पांडे ने बताया कि 3 मई को ग्राम बांधा थाना रीठी जिला कटनी निवासी फूलचंद पटेल पिता भरोसा पटेल आयु 64 वर्ष ने आकर शिकायत दर्ज कराई की उसका लाल रंग का महिंद्रा कंपनी का ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 21 एबी 0346 उसी के घर के सामने से अज्ञात चोर द्वारा गत 2 मई को चोरी कर लिया गया है। सूचना पर धारा 303 (2) बीएनएस. का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

उक्त चोरी की घटना के संबंध में पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार डहरिया, मुख्यालय एसडीओपी उमराव सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रीठी निरीक्षक राखी पांडेय, उप निरीक्षक आरपी रावत द्वारा सघन तलाश करते हुए आज 17 मई 25 को मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर ग्राम पटोरी तिराहा थाना बाकल में ग्राम मंगेला निवासी संतोष पिता सुखदेव पटेल उम्र 22 वर्ष को चोरी का ट्रैक्टर बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार करते हुए पकड़ा गया। संतोष से पूछताछ करने पर उसमें बताया कि 2 मई 25 को ग्राम बांधा से लाल रंग का महिंद्रा कंपनी का ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 21 एबी 0346 रैपुरा जिला पन्ना निवासी मनीष पटेल के साथ मिलकर चोरी किया था। आरोपियों ने पुलिस के डर से उक्त ट्रैक्टर को ग्राम मंगेला के जंगल में छुपा के रख दिया। समय बीत जाने के बाद उक्त चोरी के ट्रैक्टर को विक्रय करने के इरादे से खरीददारों से संपर्क करने हेतु पटोरी तिराहे पर वह खड़ा था। ट्रैक्टर को पुलिस द्वारा जप्त कर आरोपी संतोष पिता सुखदेव पटेल को गिरफ्तार किया गया।

कार्रवाई में एसआई दिनेश सिंह चौहान, प्रआ भोला गुप्ता, राम पाठक, आरक्षक ज्ञानेंद्र, अमन, विजय, नितेश दुबे शामिल रहे।

## झिरगिर नदी में श्रमदान कर की गई साफ सफाई



कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर नवांकुर संस्था मानव जीवन विकास समिति द्वारा मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के सहयोग से ग्राम पंचायत के साथ मिलकर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कछारी ग्राम पंचायत के लमकना और मझौली गांव में झिरगिरि नदी की खुदाई एवं साफ-सफाई का कार्य किया गया। जन सहयोग से यह जल संरक्षण का अभियान महा अभियान बन रहा है। इस अभियान में ग्रामीण बढ़ -चढ़ कर हिस्सा ले रहे है। नदी में श्रमदान करने के बाद जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया और जल संरक्षण के प्रति शपथ दिलाई गई। इसके बाद जल संरक्षण को लेकर बढ़िया सा प्रेरणा गीत भी संगीत की धुन में गाया गया। नदी का गहरीकरण व साफ-सफाई होने से नदी में पानी रुकेगा। कार्यक्रम में समिति के कार्यकर्ता ओम प्रकाश, अजीत सिंह, फग्गू लाल केवट, रामसखा पाल और ग्राम पंचायत सरपंच भारती सिंह वैश्य, महिलाएं एवं ग्रामीण के सहयोग से श्रमदान के द्वारा नदी की खुदाई एवं सफाई का कार्य किया गया।

## शोभायात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आजाद चौक स्थित मरही माता मंदिर में श्रीमद भागवत कथा साप्ताहिक कथा ज्ञान का शोभायात्रा के साथ शुभारंभ हुआ।

मरही माता मंदिर एक प्रमुख धार्मिक स्थल है। मंदिर के प्रांगण में आयोजित यह कथा भक्तों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र होगी। श्रीमद् भागवत कथा भगवान श्रीकृष्ण के जीवन, उनकी लीलाओं और भक्ति के गहन दर्शन का वर्णन करती है। यह कथा न केवल मनोरंजन करती है, बल्कि जीवन के उद्देश्य, नैतिकता और आध्यात्मिक मार्ग को भी दर्शाती है। कथा के माध्यम से भक्तों को भगवान के प्रति समर्पण, प्रेम और विश्वास की प्रेरणा मिलेगी। इस आयोजन में कथावाचक पं. रामहर्ष दास महाराज (श्री वृंदावन धाम) द्वारा कथा का वाचन किया जाएगा।



कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक निर्धारित है। आयोजन में भजन, कीर्तन और प्रसाद वितरण जैसे कार्यक्रम भी शामिल होंगे। यह आयोजन सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए खुला है, और इसमें भाग लेकर श्रद्धालु अपने जीवन को सकारात्मक ऊर्जा से भर सकते हैं। मरही माता मंदिर के पंडा जी श्री बद्री प्रसाद ने सभी भक्तों से इस पावन आयोजन में शामिल होने का आह्वान किया है।

*बेकाम साबित हो रही गौशालाएं, पकड़ने की भी नहीं हो रही कार्यवाही*

## मुख्य मार्गों में आवारा मवेशियों की जमघट से नहीं मिल पा रही राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आवारा मवेशियों की जमघट मुख्यमार्गों में बनी हुई है। मवेशियों को पकड़ने का कार्य भी नहीं हो रहा है। मवेशियों की वजह से यदा कदा हादसे भी होते रहते हैं बावजूद इसके अधिकारी इस ओर गंभीरता से ध्यान नहीं दे रहे हैं। कई बार मवेशियों की आपसी लड़ाई तो कभी अचानक से वाहनों के सामने आ जाने या फिर मवेशियों को बचाने के चक्कर में वाहन चालक नियंत्रण खो बैठते हैं और हादसे का शिकार हो जात हैं। शहरी हो या ग्रामीण मार्ग मवेशी झुण्ड में पूरी सड़कों पर इस



तरह बैठे रहते हैं कि वाहन निकालना भी मुश्किल हो जता है। सड़कों में जगह-जगह पर मवेशी झुंड बनाकर एकजुट रहते हैं। ऐसे में यातायात व्यवस्था भी जाम हो जाती है। दुर्भाग्य है कि सड़कों पर मवेशियों के कारण होनेवाले तमाम परेशानियों पर स्थानीय प्रशासन चुप बैठा है। मवेशियों को रोड से मुक्त कराने की योजना धरातल पर नजर नहीं आ रही है। लोगों की परेशानियों का ध्यान ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों और प्रशासन को भी नहीं है। ऐसी स्थिति में जरूरी है कि जनता स्वयं संभलकर चलें। प्रशासन के द्वारा समय-समय पर यातायात व्यवस्था एवं पशुओं की समस्या को लेकर बैठक होती है, लेकिन किसी तरह की कार्रवाई नहीं होने से आम आवाम की परेशानी जस की तस बनी हुई है। तहसील और पुलिस प्रशासन का भी ध्यान इस ओर नहीं है। मवेशियों के साथ-साथ सड़कों के किनारे ठेले वाहनों को यत्र-तत्र खड़ा करने से जाम की स्थिति बनती है।

### जिले को मिली केन्द्रीय स्कूल की सौगात शीघ्र लेगी मूर्तरूप

# महापौर ने संयुक्त निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के सांसद विष्णु दत्त शर्मा के सार्थक प्रयासों से जिले में चहुंमुखी विकास कार्य कराये जा रहे है। इन्ही विकास कार्यो की श्रृंखला में जिले के छात्रों के पठन-पाठन की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए केंद्र शासन के माध्यम से संचालित होने वाले नवीन केन्द्रीय स्कूल की सौगात जिले को मिली है। केन्द्रीय स्कूल का संचालन प्रारंभ हो जानें से जिले के छात्रों को भी महानगरों की तर्ज पर बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो सकेगी।



### इन्होंने किया निरीक्षण

जिले के लिए नगर निगम कार्यालय के समीप स्थित पुराने शासकीय कन्या महाविद्यालय के भवन में स्वीकृत नवीन केन्द्रीय स्कूल के संचालन हेतु वर्तमान में की जा रहीं आवश्यक व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं का शनिवार को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी नें आयुक्त नीलेश दुबे, पार्षद श्रीमती वंदना राजकिशोर यादव, केन्द्रीय विद्यालय झिंझरी नंबर के प्रभारी प्राचार्य श्री पंकज कुमार जैन, जय नारायण तिवारी सहित अन्य नगर निगम के अधिकारियों की मौजूदगी में संयुक्त निरीक्षण किया गया।

### महापौर ने कहा समयावधि में गुणवत्तापूर्ण कराएं सभी कार्य

निरीक्षण के दौरान आयुक्त नीलेश दुबे एवं प्राचार्य द्वारा बताया गया कि यहां नवीन केन्द्रीय विद्यालय को प्रारंभ करने के लिए न्यूनतम 7 बाय 7 मीटर क्षेत्रफल वाले 15 कमरों और यहां उपलब्ध कराई जाने वाली आवश्यक सुविधाओं एवं विकास कार्य जैसे भवन के कमरों की मरम्मत, रंगाई-पुताई, पेयजल व्यवस्था के साथ ही शौचालयों की मरम्मत व सुधार कार्य का किया जा रहा है। जिसपर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा कार्य को गुणवत्तापूर्ण तरीके से तय समयावधि में पूर्ण कराने के संबंध में आवश्यक दिशा- निर्देश दिए गए ताकि शीघ्र ही समस्त आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कराई जाकर छात्रों के प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ की जा सके।

### वाटर कूलर प्रदाय करने महापौर ने की घोषणा

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों के स्वच्छ एवं शीतल पेयजल की व्यवस्था हेतु एक नग वाटर कूलर प्रदान किये जाने की घोषणा भी की गई।

## पैकारियां संचालित कर खपाई जा रही अवैध शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शराब की अवैध बिक्री का कारोबार मिलीभगत एवं मूक सहमति के दम पर फल फूल रहा है। माफियाओं समेत छुटभैये तस्करों के मन में कानून का कोई भय नहीं रहा। शराब की अवैध बिक्री और पियक्कड़ो की बढ़ती फौज से गांव गांव माहौल अराजक हो चला है।

दरअसल शराब दुकानों के अपने नियम कायदे है। तय अनुबंध के तहत देशी या अंग्रेजी दुकानों से शराब केवल अनुमति वाले अड्डे से बेंची जा सकती है लेकिन अधिक मुनाफे के लिये शराब ठेकेदारों ने अपना ही संविधान लागू कर रखा है। हर गांव में चल रही पैकारी के लिये बकायदे एजेंट नियुक्त है। जिले के दूर-दराज के गांव में भी आसानी से शराब उपलब्ध हो रही है। माफियाओं की तगड़ी सेटिंग से गांव-गांव अवैध शराब बेरोकटोक बिक रही है।

शराब की अवैध बिक्री से जेबें तो अफसर और ठेकेदारों की भर रही है लेकिन शहर से गांव तक नित दिन पियक्कड़ों की बढ़ती फौज से लोगों की घर-गृहस्थी तबाह हो रही है। गांव-गांव संचालित पैकारियों चल रही हैं क्योंकि जिम्मेदारों की सरपरस्ती परोक्ष रूप में मिली है। नशे के आदी हो चुके युवा अपनी लत को पूरा करने के लिए अपराध करने से भी नहीं हिचकते। चोरी, लूट, डकैती सहित अन्य अपराधों के पीछे काफी हद तक नशा ही कारण साबित हो रहा है। आबकारी अमला महज कच्ची शराब बनाने एवं बिक्री करने वालों पर ही कार्रवाई करता है जबकि ठैकेदार पैकारियों का संचालन कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### अलग अलग स्थानों से पकड़े गए पांच सटोरिये

**कटनी।** स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत ग्राम तेवरी में सट्टा खिला रहे तीन आरोपितों को क्राइम ब्रांच कटनी की टीम ने गिरफ्तार किया है। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद एसपी के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। मुखबिर की सूचना क्राइम ब्रांच के संदीप अयाची के नेतृत्व में पुलिस बल ने दबिश दी। इसमें तीन आरोपियों अभिषेक नामदेव, बबलू अग्रहरि व आकाश असाटी को पकड़ा गया है। इनके पास से सट्टे के हिसाब-किताब से संबंधित दो मोबाइल, 1590 रुपए व सट्टा पट्टियां जब्त किए गए हैं। आरोपियों से पूछताछ करने पर जानकारी लगी कि जिम संचालक ऋतिक पटेल कई दिनों से कमीशन पर सट्टा खिला रहा है। अभी यह आरोपी फरार बताया जा रहा है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है। क्राइम ब्रांच से मिली जानकारी के अनुसार यह सट्टा श्री देवी, कल्याण के नाम से चल रहा था। इसके तार नागपुर व बॉम्बे से जुड़े मिले हैं। इसी तरह कोतवाली पुलिस घण्टाघर रामलीला मैदान में दबिश देकर महेश कुशवाहा 20 निवासी जय प्रकाश वार्ड नई बस्ती को सट्टा पर्ची के साथ दबोचा है। इसी प्रकार विजयराघवगढ़ पुलिस ने बस स्टैंड में दबिश देकर विजय त्रिपाठी 45 निवासी वार्ड नंबर 12 को सट्टा पर्ची काटते पकड़ा है। इसी प्रकार देवराकला रोड किनारे परसादी बर्मन निवासी पड़खुरी को सट्टा पर्ची के साथ दबोचा है।

### करंट की चपेट में आने से बालक की हुई मौत

**कटनी।** करंट की चपेट में आने से एक बालक की मौत हो गई। घटना बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बहिरघटा में हुई। सूचना पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार मुक्ति धाम के समीप बबलू कोल बहिरघटा के यहां शासकीय कब्जे वाली जमीन में बने मकान में रवि उर्फ मोहित कोल पिता गोरेलाल कोल 8 निवासी ग्राम बहिरघटा थाना बरही की की करंट लगने के कारण दर्दनाक मौत हो गई है। करंट लगने से परिजन बच्चे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरही लेकर पहुंचे, जहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इस घटना से परिजनों में मातम का माहौल है।

### अलग अलग स्थानों से जब्त की अवैध शराब

**कटनी।** शराब की अवैध बिक्री करने वालों के विरूद्ध कोतवाली पुलिस ने कार्यवाही की है। जानकारी के अनुसार ग्राम द्वारा रोड के किनारे मुकेश निषाद निवासी ग्राम इन्द्रा नगर थाना कुठला के पास से 18 पाव देशी प्लेन शराब, कोतवाली पुलिस ने ग्राम बोहता पुलिया के पास रमजान खान निवासी ग्राम बोहता के पास से 18 पाव देशी प्लेन शराब जब्त की है। इसी प्रकार स्लीमनाबाद पुलिस ने ग्राम भगनवारा में कुवरलाल यादव के पास से 17 पाव देशी प्लेन शराब, बहोरीबंद पुलिस ने ग्राम मोहनिया में मूरत सिंह के पास से 18 पाव देशी प्लेन शराब, सिमरापटी में प्रकाश यादव के पास से 18 पाव देशी प्लेन शराब, उमरियापान पुलिस ने अमकुही में राम बाबू कोल के पास से 5 लीटर कच्ची महुआ शराब कच्ची शराब जब्त की है।

### जिले में एक और पशु तस्कर नशीले पदार्थों के साथ गिरफ्तार

**सतना।** पुलिस ने शनिवार को कुख्यात पशु और मादक पदार्थ तस्कर निहाल अख्तर 45 वर्ष को गिरफ्तार किया है।निहाल खूंथी जवाहर नगर का रहने वाला है। सिटी कोतवाली और कोठी थाना पुलिस ने संयुक्त अभियान में उसे पकड़ा। 7 अप्रैल को कोठी पुलिस ने सतना-चित्रकूट मार्ग पर एक ट्रक को रोका। इस ट्रक से 40 भैंस और 36 शीशी प्रतिबंधित कोरेक्स सीरप जप्त हुईं। पुलिस ने ट्रक में मौजूद चालक समेत 4 लोगों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में पता चला कि सरगना निहाल ब्लैक स्कॉर्पियो में ट्रक के पीछे था। पुलिस उसका पीछा करती,इससे पहले ही वह फरार हो गया। तस्कर निहाल पर टोल प्लाजा पर मारपीट समेत 10 से अधिक मामले दर्ज हैं। 40 दिनों तक फरार रहने के बाद शनिवार सुबह मुखबिर की सूचना पर निहाल को सतना से पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ जिले के विभिन्न थानों में पशु तस्करी और टोल प्लाजा पर मारपीट समेत 10 से अधिक मामले दर्ज हैं।

### महापौर की अध्यक्षता में निगम प्रशासन द्वारा संचालित स्कूलों के प्राचार्य एवं शिक्षकों की हुई बैठक

# विद्यालयों में दुरूस्त हों सभी व्यवस्थाएं, गुणवत्ता में सुधार के लिए करें नवाचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




नगर निगम द्वारा संचालित साधूराम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, के.सी.एस स्कूल एवं ए.रविन्द्र राव स्कूल में नवीन शैक्षणिक सत्र 2024-25 की समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली जावें। आगामी दिनों में प्रारंभ होने वाली वर्षा ऋतु के पूर्व आवश्यकतानुसार शाला भवनों की मरम्मत सहित अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को समय रहते पूर्ण करें, उक्त निर्देश शनिवार को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी नें निगम द्वारा संचालित स्कूलों की व्यवस्थाओं की समीक्षा बैठक के दौरान उपस्थित प्राचार्य एवं शिक्षकों को दिए। बैठक के दौरान निगमायुक्त श्री नीलेश दुबे की विशेष मौजूदगी रही।

बैठक में महापौर एवं निगमायुक्त द्वारा स्कूलों की वर्तमान व्यवस्थाओं की जानकारी ली गई। निगमायुक्त श्री दुबे ने नवीन शैक्षणिक सत्र और छात्रों का अध्यापन कार्य को दृष्टिगत रखते हुए समस्त प्राचार्य को समय रहते विद्यालय की साफ-सफाई, कक्ष जिनकी छत अथवा प्लास्टर क्षतिग्रस्त है वर्षा ऋतु में पानी टपकने की सम्भावना होने पर मरम्मत, पुताई, शौचालय, पेयजल, बिजली आदि की समस्याओं का अनिवार्य रूप से निराकरण कराने के निर्देश दिए।

निगमायुक्त श्री दुबे नें क्षतिग्रस्त व गंभीर स्थिति में जो कक्ष अथवा शाला भवन हैं उसकी रिपेयरिंग आदि के प्रस्ताव शीघ्र ही प्रस्तुत करने के निर्देश देते हुए वर्तमान में सुविधा एवं सुरक्षा की दृष्टि से शाला के अन्यत्र कक्ष में कक्षा का संचालन करने हेतु प्राचार्य एवं शिक्षकों को निर्देशित किया गया।

#### नवाचार के लिए दिन करें चयन

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी नें विद्यार्थियों में हिंदी, अंग्रेजी एवं गणित विषयों की दक्षता स्तर में सुधार करने के लिये शासन के दिशा निर्देशों के अनुसार आवश्यक कार्यवाही की जाये। महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि शिक्षक अपने अध्यापन कार्य को आकर्षक एवं रुचिकर बनाने के लिये अध्यापन में नवाचार करें, अध्यापन में स्मार्ट, व्यूह बोर्ड, एलसीडी प्रोजेक्टर, आईसीटी टूल्स का उपयोग कर अपने विषय की विषय वस्तु से संबंधित रूचिकर वीडियो बनाकर अथवा यूट्यूब आदि के माध्यम से विद्यार्थियों को वीडियो दिखाकर सीखने की प्रवृत्ति का विकास करना सुनिश्चित करें। नवाचार के लिये छुट्टी का दिन भी शिक्षक द्वारा चुना जा सकता है, ताकि समय की पाबंदी न हो तथा विद्यार्थियों को अपनी अभिव्यक्ति का पूर्ण समय प्राप्त हो सके, किसी टापिक विशेष पर विद्यार्थी से शिक्षक की भूमिका के रूप में कार्य करने हेतु भी नवाचार के रूप में प्रयोग में लाया जा सकता है। इसके साथ ही शाला परिसर में पर्यावरण की गतिविधियों को बढ़ावा देनें पर महापौर श्रीमती सूरी द्वारा जोर दिया गया।

#### विद्यालय का हो विधिवत संचालन

निगमायुक्त श्री दुबे नें शाला में शिक्षकों एवं छात्रों की उपस्थिति निर्धारित समय पर सुनिश्चित करने तथा विद्यालय की समय-सारणी के आधार पर विद्यालय का विधिवत संचालन करने के निर्देश प्राचार्य को दिए। समस्त शिक्षक गण समय सारणी के अनुसार सत्र प्रारंभ से ही प्रायोगिक कार्य, रोल प्ले आदि अनिवार्य रूप से करायें, समस्त प्रयोगशालाऐं क्रियाशील हों, वर्तमान पाठ्यक्रम पर आधारित प्रायोगिक सामग्री प्रयोगशाला में उपलब्ध हो ताकि प्रायोगिक कार्य करने में विद्यार्थी दक्ष हों। बैठक में विद्यालय में आयोजित विभिन्न गतिविधियों, अध्यापन, मूल्यांकन, शिक्षक, छात्र उपस्थिति, विद्यालय का रखरखाव, स्वच्छता, शौचालय, पेयजल एवं पाठ्येत्तर गतिविधियों के निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए।

### सिविल डिफेंस के तहत दिया जाएगा प्रशिक्षण

**कटनी।** राष्ट्रीय परिस्थितियों और वर्तमान परिदृश्य को देखते हुये जिले में आपदा प्रबंधन के तहत नागरिक सुरक्षा के सभी जरूरी प्रबंध किये जा रहे हैं। इसी क्रम में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स को प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टमर श्री यादव के निर्देश के पालन में जनपद पंचायत कटनी, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, यातायात थाना एनकेजे, जनपद पंचायत बड़वारा एवं तहसील एवं थाना स्लीमनाबाद द्वारा प्रस्तावित लगभग 892 वॉलंटियर्स को प्रशिक्षण दिया जाएगा। जारी प्रशिक्षण कैलेंडर के अनुसार सोमवार 19 मई को जिला पंचायत सभाकक्ष में 215 वॉलंटियर्स को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसी प्रकार मंगलवार 20 मई को सुबह 10.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक तिलक कॉलेज में 116 वॉलंटियर्स को प्रशिक्षण दिया जाएगा। जबकि बुधवार 21 मई को तिलक कॉलेज में ही सुबह 10.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक 174 वॉलंटियर्स को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसी प्रकार गुरूवार 22 मई को जनपद पंचायत बड़वारा के सभाकक्ष में पहले बैच में सुबह 10.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक एवं दूसरे बैच में दोपहर 3 बजे से 6 बजे तक 125-125 वॉलंटियर्स को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### महाविद्यालय बरही में नये सत्र की प्रवेश प्रक्रिया हुई प्रारंभ

# एईडीपी के अंतर्गत स्किल आधारित रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम भी होगें प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही



शासकीय महाविद्यालय बरही में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू है। राज्य शासन के उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के दिशा निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय बरही जिला कटनी में एक ईडीपी के अंतर्गत स्किल आधारित रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम के अंतर्गत बी.कॉम इन रिटेल ऑपरेशंस, बी.कॉम इन ह्यूमन रिसोर्स ऑपरेशन एवं 3 वर्षीय डिग्री प्रोग्राम बी.ए., बी.एस.सी., बी.कॉम. प्रथम वर्ष तथा स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर के लिए प्रवेश प्रारंभ हो चुका है ।

प्राचार्य प्रो. आर.के. त्रिपाठी ने बताया कि इन रोजगारोन्मुखी स्किल आधारित पाठ्यक्रमों के अंतर्गत दो वर्ष तक विद्यार्थियों को महाविद्यालय में अध्ययन करना होगा एवं तीसरे वर्ष में कंपनियों, उद्योग एवं अन्य संस्थानों में ट्रेनिंग दी जाएगी। जिसमें प्रत्येक विद्यार्थी को 8 हजार रूपए प्रतिमाह ट्रेनिंग के दौरान प्राप्त होंगे। इन पाठ्यक्रमों में 30-30 सीटें निर्धारित की गई हैं। डॉ. कन्हैया कुमार विश्वकर्मा विभागाध्यक्ष वाणिज्य विभाग एवं एईडीपी नोडल अधिकारी ने बताया कि पहले आओ पहले पाओ मेरिट लिस्ट के आधार आधार पर प्रवेश दिया जाएगा।

प्रवेश प्रभारी डॉ. अरविन्द सिंह ने विद्यार्थियों को अपने आस-पास के 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों को प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ होने एवं प्रवेश लेने के लिये प्रेरित करने के साथ ही शासकीय महाविद्यालय बरही में संचालित पाठ्यक्रमों से संबंधित जानकारी देने हेतु प्रेरित किया गया जिससे कि प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी सहजता से प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर प्रवेश ले सके।

#### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो.आर. के त्रिपाठी, प्रवेश प्रभारी डॉ. अरविन्द सिंह, एईडीपी नोडल अधिकारी डॉ. केके विश्वकर्मा, डॉ मंजूलता साहू, डॉ सुनीता सिंह, डॉ केके निगम, डॉ राकेश दुबे, महाविद्यालय स्टॉफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का किया पुतला दहन



एनएसयूआई एवं युवक कांग्रेस के द्वारा दुर्गा चौक खिरहनी में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा का पुतला दहन कर नारेबाजी करते हुए पोस्टर भी जलाए गए। प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं एने कहा कि सेना का अपमान करने वाले किसी भी मंत्री को उसके पद पर रहने का अधिकार नहीं है। मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवडा द्वारा भारतीय सेना का अपमान किया गया। जिसके विरोध में युवा कॉंग्रेस एवं एनएसयूआई संयुक्त रूप से जगदीश देवडा के इस्तीफे की मांग करती है। इस दौरान कमल पांडेय( ब्लॉक अध्यक्ष) सूर्यकांत कुशवहा, राहुल पटरिया, शुभम मिश्रा, शशांक गोलू गुप्ता, अभिषेक प्यासी नानू, अजय खटीक, प्रशांत सिन्हा, सचिन गर्ग, हरीश यादव, प्रिंश वंशकार, सौरभ पांडेय, राजीव पटेल, प्रज्वल साहु, विकास दुबे, कृष्णा दुबे, राहुल कुरील, अभिषेक गुप्ता, आदि उपस्थित थे।

# सकल हिंदू समाज ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



सकल हिंदू समाज के द्वारा मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन कलेक्ट्रेट कार्यालय में सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने पहुंचे सकल हिंदू समाज के लोगों ने कहा की हाल ही में भोपाल के कॉलेज, उज्जैन के ग्राम बिछडोद, इंदौर में टेलीपरफॉरमेंस कर्मचारी द्वारा किया गया कांड, रावा के बिछिया थाने में विधर्मी के पूरे परिवार के द्वारा नाबालिग बच्चियों को फैसाने का षड्यंत्र, सागर, दमोह का मामला, मुरैना में कंप्यूटर कोचिंग संचालक द्वारा बालिकाओं के साथ किये गए दुष्कृत्य का मामला, राजगढ़ का मामला साथ ही साथ ही कटनी सहित हर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में उजागर 'लव जिहाद' के सुनियोजित अपराधों ने प्रदेश के जनमानस को झकझोर कर रख दिया है। इन मामलों में मासूम नाबालिग बालिकाओं, युवतियों यहाँ तक कि विवाहित महिलाओं को धर्म छिपाकर, छलपूर्वक प्रेमजाल में फंसाकर न केवल उनका शारीरिक शोषण किया गया, अपितु उनकी अस्मिता व आत्मसम्मान को भी गहरी चोट पहुंचाई गई है।

यह केवल कुछ व्यक्तियों द्वारा किया गया अपराध नहीं है; यह प्रदेश की बेटियों के विरुद्ध एक संगठित षड्यंत्र है। इन अपराधों के तार प्रदेश की सीमाओं के पार अंतरराज्यीय व अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क से जुड़े हो सकते हैं। यह स्थिति अत्यंत गंभीर और चिंताजनक है, जिससे सामाजिक सद्भाव और राष्ट्रीय सुरक्षा दोनों पर आघात हो रहा है। सकल हिन्दू समाज मांग करता है कि इस समूचे षड्यंत्र का समूल उन्मूलन किया जाए। बेटियों की सुरक्षा और न्याय केवल तभी संभव होगा, जब इसकी गहन, निष्पक्ष और राष्ट्रीय स्तर पर जांच हो।

### उद्योग विस्तार एवं कार्य पद्धति सुधार हेतु कार्यशाला आयोजित

# उद्योगों की गुणवत्ता, नवाचार को बढ़ावा देने विषयों पर विशेषज्ञों ने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग मध्यप्रदेश की नोडल एजेंसी म.प्र. लघु उद्योग निगम द्वारा निजी होटल में उद्योगों के विस्तार एवं कार्यपद्धति में सुधार हेतु एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम लघु उद्योग भारती के सहयोग से किया गया।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक डी एस मर्सकोले ने बताया कि यह कार्यशाला भारत सरकार की रैम्पे योजना के अंतर्गत आयोजित की गई। इस कार्यशाला में उद्योगों की गुणवत्ता, दक्षता एवं नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लीन मैनेजमेंट, जेड सर्टिफिकेशन एवं बौद्धिक संपदा अधिकार जैसे विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा जानकारी प्रदान की गई।

एमएसएमई पॉलिसी मास्टर ट्रेनर बृजेश मिश्रा ने नवीन एमएसएमई नीति एवं भूमि-भवन अधिनियम की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथ ही उपस्थित उद्यमियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। वहीं जेड ट्रेनर आर. के. दलेला, क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया ने 'जीरो डिफेक्ट, जीरो इफेक्ट' सर्टिफिकेशन की प्रक्रिया एवं इससे संबंधित सरकारी अनुदानों के बारे में बताया। ई-वाय कंसल्टेंट सुनील साईं द्वारा ई-ट्रेड प्लेटफॉर्म के माध्यम से पूंजी संकट से निपटने एवं स्टॉक लिस्टिंग जैसे व्यावसायिक अवसरों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में लघु उद्योग भारती के प्रदेश महामंत्री अरुण सोनी ने बताया कि लघु उद्योग भारती प्रदेश के सभी जिलों और तहसीलों तक कार्यरत एक राष्ट्रीय संगठन है। जिसे सरकार ने इंडस्ट्री पार्टनर के रूप में शामिल किया है। उन्होंने कहा कि सरकार और संगठन के समन्वय से आयोजित इस प्रकार के कार्यक्रम उद्यमियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।

इस अवसर पर सीआईआई जिला उद्योग संघ, चूना उत्पादक संघ, तुअर दाल मिल एसोसिएशन, माधव नगर उद्योग संघ एवं राइस मिल उद्योग संघ सहित कई संगठनों के प्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में कुल 140 उद्यमियों ने सहभागिता की। जिनमें 36 महिला उद्यमी एवं 104 पुरुष उद्यमी शामिल रहे।

### बहोरीबंद अध्ययन केन्द्र में व्याख्यान माला का हुआ आयोजन

# अपने कर्तव्यों के प्रति दृढ़ संकल्पित होकर कार्य करने से मिलती है सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



विकासखंड बहोरीबंद अध्ययन केंद्र के माध्यम से मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के तहत चलाये जा रहे समाजकार्य में स्नातक, स्नातकोत्तर बीएसडब्ल्यू , एमएसडब्ल्यू पाठ्यक्रम (सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास एवं सतत विकास सहित) के छात्र-छात्राओ, नवांकुर संस्थाओ के प्रतिनिधियों, प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष, सचिव एवं समाजसेवियों के द्वारा विकासखंड स्तरीय आदि शंकराचार्य की जयंती पखवाड़ा के अवसर पर व्याख्यान माला कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

लोकेश ब्यौहार ने आदि गुरु शंकराचार्य के जीवन वृत पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उन्हें सनातन धर्म के महत्व को जन जन तक पहुंचाने एवं एक सूत्र में पिरोने के साथ ही सभी जीव एक समान है, के भाव को प्रगट करने वाला बताया। वहीं भागवताचार्य मनु महाराज ने अपने व्याख्यान में बताया कि आदिगुरु शंकराचार्य की जयंती वैशाख शुक्ल पंचमी को मनाई जाती है, जो हिंदू कैलेंडर के अनुसार एक महत्वपूर्ण तिथि है। इस दिन को आदि शंकराचार्य के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। उन्हें अद्वैत वेदांत के संस्थापक और एक महान दार्शनिक के रूप में सम्मानित किया जाता है। आदि शंकराचार्य का जन्म 507 ईसा पूर्व के आसपास हुआ था और उनकी शिक्षाएं हिंदू धर्म और दर्शन पर गहरा प्रभाव डालती हैं। उन्होंने भारत के चारो दिशाओं में चार मठों की स्थापना की, जो आज भी प्रसिद्ध और पवित्र माने जाते हैं। इसमें ज्योतिर्पीठ बदरिकाश्रम, श्रृंगेरी पीठ, द्वारिका शारदा पीठ, पुरी गोवर्धन पीठ हैं। आदि शंकराचार्य की जयंती पर लोग उनके जीवन और शिक्षाओं को याद करते हैं और उनके द्वारा स्थापित मठों में विशेष पूजा और अनुष्ठान करते हैं। यह दिन हिंदू समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जो आदिगुरु शंकराचार्य की विरासत और उनके योगदान को सम्मानित करने के लिए एक साथ आते हैं।

विशिष्ट अतिथि के रूप में राकेश गर्ग उपस्थित हुए। उन्होंने बताया कि शंकर दिग्विजय, शंकर विजयविलास, शंकरजय आदि ग्रन्थों में उनके जीवन से सम्बन्धित तथ्य उद्घाटित होते हैं। दक्षिण भारत के केरल राज्य (तत्कालीन मालाबारप्रांत) में आदिगुरु शंकराचार्य का जन्म हुआ था। उनके पिता शिवगुरु तैत्तिरीय शाखा के यजुर्वेदी भट्ट ब्राह्मण थे। भारतीय प्राच्य परम्परा में आदिशंकराचार्य को शिव का अवतार स्वीकार किया जाता है। कुछ उनके जीवन के चमत्कारिक तथ्य सामने आते हैं। जिससे प्रतीत होता है कि वास्तव में आदिशंकराचार्य शिव के अवतार थे। आठ वर्ष की अवस्था में श्री गोविन्दपदाचार्य के शिष्यत्व को ग्रहण कर संन्यासी हो जाना, पुनः वाराणसी से होते हुए बद्रिकाश्रम तक की पैदल यात्रा करना, 16 वर्ष की अवस्था में बद्रीकाश्रम पहुंच कर ब्रह्मसूत्र पर भाष्य लिखना, सम्पूर्ण भारत वर्ष में भ्रमण कर अद्वैत वेदान्त का प्रचार करना, दरभंगा में जाकर मण्डन मिश्र से शास्त्रार्थ कर वेदान्त की दीक्षा देना तथा मण्डन मिश्र को संन्यास धारण कराना, भारतवर्ष में प्रचलित तत्कालीन कुरीतियों को दूर कर समभावदर्शी धर्म की स्थापना करना इत्यादि कार्य इनके महत्त्व को और बढ़ा देता है। इसी क्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला समन्वयक डॉ तेज सिंह केशवाल ने आदिगुरु शंकराचार्य की जयंती पर विचार रखते हुए उनकी जीवनी के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। साथ ही कहा कि समाज कल्याण के लिये सभी अपने-अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पित व दृढ संकल्पित होकर कार्य करें तो सफलता निश्चित तौर पर मिलेगी।

### युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**कटनी।** एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना बाकल थाना क्षेत्र में हुई। जानकारी के अनुसार बाकल राजा की बंधिया खेत के पास महुआ के झाड़ के पीछे शिवप्रसाद पिता रघुनाथ कोल 29 निवासी पटीराजा की फांसी लगाने के कारण मौत हो गई है। युवक ने यह आत्मघाती कदम किन कारणों के चलते उठाया है, इसका खुलासा नहीं हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स रिसॉर्ट
शादी, एनिवर्सरी, बर्थडे व सभी शुभ कार्यो के लिए प्राकृतिक वातावरण एवं सुंदर सनसेट व्यू के साथ उपलब्ध है।

पताः बाबा घाट के पास, जायसवाल पेट्रोल पंप के पीछे, पांडेय जी का बगिया
संपर्क करें : 9301818276, 7489325162
स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स जहाँ हर पल खास बनता है।

## खबर संक्षेप

### अखिलेश सिंह घोषी बने भाजपा दीनदयाल मंडल के मीडिया प्रभारी

**दमोह।** भारतीय जनता पार्टी जिला दमोह के जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे की सहमति से दीनदयाल नगर मंडल के अध्यक्ष राजेन्द्र चौरसिया ने मंडल कार्यकारणी की घोषणा कि जिसमें मंडल मीडिया प्रभारी का दायित्व ठाकुर अखिलेश सिंह घोषी को दिया गया।



अखिलेश सिंह घोषी के मंडल मीडिया प्रभारी बनने पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, जिला महामंत्री सतीश तिवारी, गोपाल पटेल, रामेश्वर चौधरी, जिला उपाध्यक्ष संजय सेन, अमित बजाज, अरूण तिवारी, बृज गर्ग, जिला मीडिया प्रभारी राघवेंद्र सिंह परिहार,सहित पदाधिकारियों, मित्रों और शुभचिन्तको ने अपनी बधाई और शुभकामनाएं दी, उक्त जानकारी नीलेश चौरसिया ने दी।

### जया ने किया गौरवान्वित

**दमोह।** ग्राम हिंडौरिया निवासी बलराम-श्रीमती सीमा अहिरवार की पुत्री कु जया अहिरवार ने कक्षा -12 वीं में 91.2% लाकर जिला दमोह एवं समस्त अजाक्स वर्ग का नाम रौशन किया। इस



उपलब्धता पर डॉ मोहन सिंह आदर्श जिला अध्यक्ष अजाक्स दमोह, प्रताप रोहित संरक्षक अजाक्स ,बी एल रोहित, इंजी.अमित कुमार,जे एल भारती, उपाध्यक्ष, आशाराम चौधरी अजाक्स, तुलाराम अहिरवार कोषाध्यक्ष, डॉ शुभाष,के एल अहिरवार, एस एल अहिरवार, रामसेवक अहिरवार,प्रदीप राही, प्रमोद अहिरवार, राकेश अहिरवार, अशोक अहिरवार , पवन रोहित, अजय रोहित, मुन्नी लाल अहिरवार,आर डी अहिरवार सहित सामाजिक बंधुओ ने शुभकामनायें दी है।

### सैनिटरी पैड से लैस चार सैनिटरी वेंडिंग मशीनें की गई स्थापित

**दमोह ।** मासिक धर्म स्वच्छता का प्रबंधन महिलाओं के स्वास्थ्य का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इस महत्वपूर्ण समय के दौरान सैनिटरी पैड की पहुँच बढ़ाने के लिए लड़कियों और महिलाओं के बीच सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन शुरू करने के माध्यम से व्यवहार परिवर्तन संचार और मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन के उद्देश्य से प्लांट और माइंस क्षेत्र के दो ग्रामों गैसाबाद और देवरी में स्कूलों, उप स्वास्थ्य केंद्रों और आंगनवाड़ी केंद्रों में सैनिटरी पैड से लैस 04 सैनिटरी वेंडिंग मशीनें सफलतापूर्वक स्थापित की गई हैं।

### नगर परिषद का कचरा उड़कर पहुंच रहा प्लांटेशन में, अधिकारी कर्मचारी नहीं दे रहे ध्यान

# मिश्रित प्लांटेशन में लगा कचरे का ढेर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

नगर से लगे खकरिया ,इमलीडोल मार्ग पर बने मिश्रित प्लांटेशन में इस समय गंदगी एवं कचरे काआलम बना हुआ है छैःवर्ष पहले बनाए गए मुख्य मार्ग पर बने मिश्रित प्लांटेशन में लगाए गए पौधों के आसपास गंदगी एवं पनिन्या ही नजर आ रही है। इन पेड़ पौधों के पास कचरा एवं गंदगी नगर परिषद की मेहरबानी से पहुंच रही हैं पर सबसे बड़ी हैरानी की बात यह है कि इस और वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी ध्यान नहीं दे रहे हैं जिससे आपकी एक चिंगारी इस प्लांटेशन को बर्बाद कर सकती है। मिश्रित प्लांटेशन में गंदगी पहुंचने का प्रमुख कारण नगर परिषद है इसमें सिर्फ प्लांटेशन से ही कुछ दूरी पर नगर परिषद का सारा कचरा फेंका जाता है गर्मी एवं हवा के चलते यह कचरा उड़ कर प्लांटेशन में पहुंच रहा है।

#### नगर परिषद बनी कचरे का कारण

गंदगी को नगर परिषद के फेक जा रहे कचरे का कारण माना जा रहा है। नगर परिषद जहां अपना कचरा फेकता है उसी से लगा वन विभाग का मिश्रित प्लांटेशन है। गर्मी में चल रही हवाओं के कारण यह कचरा प्लांटेशन में पहुंच गया है जिसके कारण प्लांटेशन में जहां देखो वहां कचरा एव पन्नियां ही नजर आ रही है। जिसके कारण किसी दिन एक छोटी सी चिंगारी एक बहुत बड़ा रूप लेकर इस प्लांटेशन में लगे पौधों को नुकसान पहुंचा सकते हैं वन विभाग , और ना ही नगर परिषद का ध्यान इस ओर जा रहा है। ज्ञात होगी लगभग 6 वर्ष पहले बने इस मिश्रित प्लांटेशन की देखेरेख में लापरवाही की जा रही। गलों में स्वच्छ वातावरण रहे इसलिए इसकी देखरेख बहुत जरूरी है पर देख रही अभाव में जंगलों में नगर परिषद का कचरा पहुंच गया है जिसके कारण वहां का वातावरण दूषित हो गया है।

#### 6 वर्ष पूर्व बना था प्लाटेशन

यह प्लाटेशन वर्ष,2019 -20 मे बनाया गया हैं यह प्लाटेशन मिश्रित प्लाटेशन के नाम से जाना जाता हैं मुख्य मार्ग पर बनाये गये प्लाटेशन मे अनेक प्रजाति के पेड़ लगे हैं जो आकार मे भी काफी बड़े हो चुके हैं लेकिन नगर परिषद से पहुंचे कचरे से यह प्लाटेशन बड़ी मात्रा मे गंदगी फ़ैल गई है।

#### पर्यावरण एवं सुरक्षा के लिए लेते हैं कई बार शपथ

वन विभाग समय-समय पर पर्यावरण एवं पौधों की सुरक्षा के लिए शपथ लेते हैं पर्यावरण प्रेमीयो का कहना है कि क्या अधिकारी कर्मचारियों की यही शपथ है कि दिखावे एवं अभियान की तहत ही ऐसा कार्य किये जाए बाकी समय पर्यावरण एवं सुरक्षा से कोई लेना देना नहीं है इन्हीं लापरवाहियों के कारण कई बार गर्मियों में कई प्लांटेशन में आग लग जाती है और लापरवाही करने वाले अधिकारी कर्मचारीयो पर किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं होती।

## समाज में सुधार के लिए भागवत कथा श्रवण करना चाहिए- पं आशीष कृष्ण



**हटा।** ग्राम रसीलपुर में कलेही माता के दरबार में ग्राम वासियों के संयुक्त तत्वाधान में चल रही सप्त दिवसीय संगीत में श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिवस कथाचार्य पंडित आशीष कृष्ण शास्त्री जी महाराज ने कहा कि हमें परमात्मा मिलन और सत्कर्म करने के लिए भगवान को खोजना पड़ता है। मानव जीवन मिलने के बाद भगवान को मनाने की हमें कोशिश करते रहना चाहिए। जब हम संसार की मोह माया त्याग कर प्रभु की शरण में मंदिर जाएं और इसे अपने जीवन में आत्मसात करें। भागवत कथा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं के बीच आस्था और उत्साह के साथ भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया।जन्मोत्सव में बहुत बड़ी संख्या में माता बहने पंडाल पर बाल गोपाल के जन्म पर लाला दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं का ताता लगा रहा। भगवान कृष्ण के जन्म पर प्रकाश डालते हुए धर्म मार्ग को प्रेषित करने के लिए शास्त्री जी ने कहा कि कर्म का मूल संकल्प शक्ति होता है। अगर संकल्प मजबूत हो तो जगदीश्वर को भी आना पड़ता है। आप जिस कार्य को करते हैं, अगर मन लगाकर मजबूती से अनुरूप क्रिया करेंगे तो सफलता अवश्य प्राप्त होती है। कभी भी रावण की तरह मत देखना मत खाना और व्यवहार मत करना ऐसे लोगों से रिश्ता तोड़ देना चाहिए चाहे वह अपना रिश्तेदारी क्यों न हो। जो मनुष्य होते हुए भी पशु की तरह खाना खाता हो पशु की तरह व्यवहार करता हो इससे लोगों को मर्यादा का पाठ पढ़ना रघुनाथ धरती पर अवतार लेकर आते हैं।

## चिंतामणि हनुमान मंदिर चिलोद में अखंड रामायण पाठ का समापन

**बनवार।** चिलोद ग्राम में प्राचीन बावली के समीप स्थित अति प्राचीन चिंतामणि संकट मोचन हनुमान मंदिर में एक माह से अधिक समय से चली आ रही अखंड रामायण पाठ का आज समापन हुआ। पवित्र वैशाख माह के शुभारंभ से चली आ रही श्री रामचरितमानस पाठ धार्मिक अनुष्ठान का समापन आचार्य पंडित श्री तुलसी राम जी उपाध्याय के सानिध्य में यजमान ग्राम वासियों की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर यज्ञ में पूर्णाहुति के साथ ब्राह्मण भोज, कन्या भोज और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिले भर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने इस अवसर पर उपस्थित होकर प्रसाद ग्रहण किया। चिलोद ग्राम के चिंतामणि हनुमान जी महाराज का मंदिर भक्तों की तमाम चिंताओं का हरण करता है। यहां पर सच्ची श्रद्धा से आने वाले भक्तों की चिंताओं का हरण चिंतामणि हनुमान जी महाराज करते हैं। मंदिर में स्थित अति प्राचीन हनुमान जी की प्रतिमा के प्रति भक्तों की अटूट श्रद्धा और भक्ति है। बताया जाता है कि पहले भूभाग पर हनुमान जी की प्रतिमा विराजमान थी और नित नए चमत्कारों से अभिभूत श्रद्धालुओं के द्वारा धीरे-धीरे यहां पर भव्य मंदिर, धर्म शाला और मंदिर शंकर जी का निर्माण करवाया गया है। यह पावन स्थान खेतिहर भूमि के बीचों बीच अति प्राचीन पेयजल स्रोत बावड़ी तट पर स्थित है।

## आदि गुरु शंकराचार्य की शिक्षाएं आध्यात्मिक जीवन की ओर प्रेरित करती है- उमाशंकर उपाध्याय



**दमोह।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला दमोह द्वारा आदि गुरु शंकराचार्य जी की 1237 वीं जयंती के अवसर पर शासकीय महाविद्यालय बटियागढ़ में व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम की प्रस्तावना ब्लॉक समन्वयक श्री उमाशंकर उपाध्याय ने रखी। आपने बताया कि आदि शंकराचार्य के जीवन और कार्यों का भारतीय संस्कृति और हिंदू धर्म पर गहरा प्रभाव पड़ा है। उनके दर्शन और शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं और लोगों को आध्यात्मिक जीवन की ओर प्रेरित करती हैं आदि शंकराचार्य जी ने चारों मठों पर अलग-अलग दिशाओं से शंकराचार्य को नियुक्त कर क्षेत्रवाद से मुक्ति, तथा मंडन मिश्र के साथ शास्त्रार्थ में निर्णायक की भूमिका में उभय भारती को रखकर महिला सशक्तिकरण का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में मॉडल स्कूल बटियागढ़ के प्राचार्य श्री अर्जुन पटेल उपस्थित रहे श्री पटेल ने बताया कि जगत गुरु आदि शंकराचार्य एक महान दार्शनिक और आध्यात्मिक गुरु थे जिन्होंने भारतीय संस्कृति और हिंदू धर्म को विश्वभर में प्रसिद्ध किया। आपने 8 वर्ष की आयु में वेदों और उपनिषदों का अध्ययन शुरू किया आप बचपन से ही बुद्धिमान और आध्यात्मिक प्रवृत्ति के थे आपने भारत को एक रूपता में जोड़ने के लिए चार मठों की स्थापना की जिससे हिंदू धर्म की एकता और समानता का संदेश दुनिया को दिया । कार्यक्रम में नवांकुर संस्थाओं नगर विकास प्रस्फुटन समिति बटियागढ़, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति आंजनी,ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति खमरिया,परामर्शदाता राजेश तिवारी, राजेश चौरसिया, रवि तिवारी, नारायण प्रसाद बंसल व देवेंद्र कुमार मिश्रा के साथ सीएमसीएलडीपी पाठ्यक्रम के छात्र छात्रायें उपस्थित रहे।

## किसान आईडी बनवाने में या राशन दुकान पर ई.के.वाई.सी बनवाने में समस्या आये तो हेल्पलाईन पर सूचित करें-कलेक्टर

**दमोह।** भारत सरकार और राज्य सरकार ने निर्देश दिए हैं, कि जिले के जितने किसान हैं, सभी का रजिस्ट्रेशन जिसमें हर किसान की एक फार्मर आईडी यानी किसान आईडी बननी है। सबसे पहले चरण में उन किसानों का रजिस्ट्रेशन किया जायेगा जिनको प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि या मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना का लाभ मिल रहा है। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा यदि फार्मर रजिस्ट्री यानी किसान आइडी नहीं बनती है, तो 31 मई के बाद किसान, किसान सम्मान निधि या अन्य योजनाओं के लाभ से वंचित हो सकते है। इसीलिए सभी जगह पर लगातार कैंप चल रहे हैं। सभी जगह पर आइडी बनाई जा रही है। उन्होंने किसान भाईयों से आग्रह किया है, कि अपने क्षेत्र के पटवारी, आर.आई, पंचायत सचिव, तहसीलदार, एस. डी. एम. सभी अधिकारी इस काम में लगे हुए हैं। किसान भाई इनसे संपर्क करें और तत्काल अपना फार्मर आई.डी बनवाएं यदि कोई कठिनाई हो तो दमोह हेल्पलाईन पर कलेक्टर को सूचित किया जाये। उन्होंने कहा जिन लोगों ने दमोह हेल्पलाईन पर सूचना दी थी, उन सभी की आईडी हमने बनवाने का काम किया है, यदि पात्रता है, तो इसीलिए आग्रह हैं, कि जिनकी ई.के.वाई.सी या किसान आइडी नहीं बनी हैं, सभी किसान 31 मई से पहले अपनी ई.के.वाई.सी करा ले, अपनी किसान आई.डी बनवा लें ताकि किसान भाईयों को आगे चल कर के किसी प्रकार की दिक्कत ना हो। यदि कोई कठिनाई आती है, किसान आईडी बनवाने में तो दमोह हेल्पलाईन पर तत्काल सूचित किया जाये। इसी प्रकार राशन की दुकान पर यदि ई.के.वाई.सी होने में कोई दिक्कत आती है, तो दमोह हेल्पलाईन पर सूचित किया जाये।

## एक शाम राष्ट्र के नाम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



भारतीय जैन मिलन क्षेत्र क्रमांक 10 के अंतर्गत जैन मिलन वरिष्ठ शाखा द्वारा राष्ट्रीय एकता को समर्पित कार्यक्रम एक शाम राष्ट्र के नाम आयोजन आयोजित किया गया जिसके प्रायोजक इंजीनियर आरके जैन श्रीमती कल्पना सेठ नाम कुमार शराब श्रीमती कल्पना के जैन श्रीमती चंपा जैन और नाम चंद्र भिंड़ा श्रीमती अनीता थे अतिथि के रूप में जैन पंचायत के महामंत्री पदम चंद्र जैन खाली क्षेत्र क्रमांक 10 के उपाध्यक्ष दिनेश चौधरी और क्षेत्रीय मंत्री श्रीमती कविता ऋषभ जैन तथा जैन मिलन परिवार के वरिष्ठतम सदस्य पदमचंद कुमार जैन श्रीमती शकुन जैन थी भारत माता की पूजन अर्चना के पश्चात महावीर प्रार्थना के सामूहिक गान से कार्यक्रम की शुरुआत हुई, मंगलाचरण श्रीमती शिमला जैन ने किया। अतिथि स्वागत के उपरांत मंच सीन अतिथियों सहित श्रीमती चंपा जैन पारस कुमार जैन शाखा अध्यक्ष संतोष कुमार जैन मंत्री एमएल जैन सुनील वेजीटेरियन पंडित अखिलेश जैन पदमचंद कुमार सुधीर जैन, डॉ प्रियंका जैन आदि ने देश प्रेम से गीतो की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम का कुशल संचालन करते हुए डॉक्टर एलसी जैन ने भी गीतों की मधुर प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में प्रायोजकों की वैवाहिक वर्षगांठ के सुखद सहयोग को एक यादगार क्षण में बदलने का प्रयास किया गया जैन मिलन नगर शाखा के सभी जैन मिलन उपस्थित सदस्यों ने उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाइयां देते हुए उनके सुख दीर्घ जीवन की मंगल कामनाएं की कार्यक्रम में यूसी जैन ललित सराफ मोतीलाल गोयल ऋषभ जैन स्टेशन मास्टर भारत जैन सुनील जैन दीपक बमोरिया संजय सक्रिय भूमिका में दिखाई दिए। जैन मिलन नगर के अध्यक्ष मुकेश जैन सहित प्रमोद बड़कुल अरुण जैन राकेश जैन साथ जितेंद्र उस्ताद तथा डॉक्टर जेके जैन डॉक्टर शखम जैन अमित जैन मनीला जैन श्रीमती किरण शीलचंद्र जैन नीरज जैन आदि ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की, आभार प्रदर्शन कार्यकारी अध्यक्ष पंडित अखिलेश जैन ने किया।

## नौ दिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ एवं कथा में उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा





जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत हर्रई सिंगौरगढ़ के मातावारी मंदिर प्रांगण में चल रहे नौ दिवसीय श्री सतचंडी महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ मैं पांचवे दिवस यज्ञ में सुबह से पूजन हवन यज्ञ आचार्य पंडित उमेश दुबे छोटे महाराज बितली बालों के सानिध्य में यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है।यजमानों द्वारा पूजन हवन किया जा रहा है। यज्ञ आचार्य दुबे ने बताया की यज्ञ से अनेक प्रकार की बधाए दूर होती हैं एवं धार्मिक आसाये बढ़ती हैं यज्ञ से ग्राम में सुख शांति प्राप्त होती है। श्रद्धालु दूर-दूर से माता बारी मंदिर हर्रई में अपनी आस्था और विश्वास के साथ आ रहे है। यज्ञ के साथ-साथ श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन भी किया जा रहा है श्रीमद् भागवत कथा व्यास पंडित सुदामा प्रसाद दुबे शास्त्री बड़े महाराज द्वारा कथा के चौथे दिवस भगवान श्री कृष्ण के जन्म की कथा सुनाई, कथावाचक ने कहा कि जब-जब अत्याचार, अनाचार व अन्याय बढा है, तब-तब प्रभु का अवतार होता है. अत्याचार को समाप्त कर धर्म की स्थापना को लेकर ही प्रभु का अलग-अलग रूपों में अवतार होता है. जब कंस ने सभी मर्यादाएं तोड दी, तो प्रभु श्रीकृष्ण का जन्म हुआ. कथा के दौरान बासुदेव, यशोदा व श्रीकृष्ण के बाल-रूप की झांकी देख सभी श्रद्धालु जयकारा लगाते हुए नृत्य करने लगे. प्रवचन के क्रम में कथावाचक ने कहा कि जीवन में अच्छे रास्ते पर जाना है, तो संकल्प लेना जरूरी है. हर बच्चे को अपने माता-पिता व गुरू की बातों को मानना चाहिए. जिन बच्चों के उपर माता-पिता का आशीर्वाद है, उन्हें संसार में सब कुछ प्राप्त है. हर एक माता-पिता को चाहिए कि अपने साथ बच्चों को भागवत कथा, सत्संग, कीर्तन में जरूर साथ लाएं. धर्म की कथा सुनने से बच्चों में अच्छे संस्कार आते है। श्रद्धालुओं ने फूल मालाओं में गुब्बारे से पालकी को सजाया प्रसाद में गुड़ के लड्डू वितरण किए गए पंडित जी द्वारा व्यास गद्दी से बच्चों व श्रद्धालुओं को टाफी व बिस्कुट बांटे गए। पूरा गांव जय कन्हैया लाल की हाथी घोड़ा पालकी के जयकारों से गूंज उठा।,नंद घर आंनद भयो जय कारों से झूमे श्रद्धालु, भगवान को पूरे पंडाल में गाजे बाजो के साथ लाया गया। यज्ञ नौ दिवसीय शतचंडी यज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा मैं व्यास पंडित सुदामा प्रसाद दुबे शास्त्री बड़े महाराज बितली, यज्ञ आचार्य उमेश दुबे छोटे महाराज बितली, प्रेम शंकर महाराज हरिशंकर महाराज सुरेंद्र महाराज ओंकार महाराज दीपक महाराज ,विमलेश महराज (समदई) प्रियंक गौतम चिन्है महराज(तेजगढ़)मतावारी मन्दिर पुजारी सत्यनारायण शर्मा हर्रई की भूमिका है एवं यज्ञ भागवत कथा में दूर दराज आसपास के क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पधार रहे हैं। ग्राम हर्रई सिंगौरगढ़ के सभी ग्राम वासियों का सहयोग भी भरपूर मिल रहा है। एवं क्षेत्र वासियों का भी सहयोग मिल रहा है, यज्ञ व कथा का शुभारंभ 12 मई से हुआ था जिसका समापन व प्रसाद वितरण भंडारा 21 मई को माताबरी प्रांगण में होगा,ग्रामीणों ने सभी से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक लोग इस धर्म में सम्मिलित होकर धर्म लाभ अर्जित करें।

# प्राध्यापकों का लीडरशिप आधारित प्रशिक्षण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

राज्य शैक्षिक प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान भोपाल के निर्देशानुसार स्टार प्रोजेक्ट अंतर्गत प्रधानाध्यापकों में लीडरशिप की गुणवत्ता विकसित करने के लिए जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण प्राचार्य एस.के. मिश्रा के कुशल निर्देशन में संस्थान हटा में पांच दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन विभिन्न चरणों में किया गया। विगत 7 अप्रैल से प्रारंभ हुए इस प्रशिक्षण में जिले के 1326 प्रधानाध्यापकों को प्रशिक्षित किया गया जो अपने-अपने विद्यालयों में पहुंचकर प्रशिक्षण में बताए गए 14 मॉड्यूल की विभिन्न गतिविधियों को संपादित करेंगे। प्रशिक्षण में स्कूल सुधार में लीडरशिप की भूमिका, सीखने और सीखने के आधार केंद्र के रूप में विद्यालय के दायित्व,समता सिद्धांत को उपकरण के रूप में कक्षा में किस प्रकार लागू किया जाना है, सहानुभूति की कक्षा शिक्षण के दौरान क्या उपयोगिता है, विद्यार्थियों में समालोचनात्मक चिंतन क्यों आवश्यक है,समावेशी शिक्षा में दिव्यांग बच्चों को कैसे समाहित किया जाना है, समावेशी कक्षा का निर्माण किस प्रकार होगा, प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी का उपयोग कैसे करना है, व्यावसायिक शिक्षा की आधुनिक समय में विद्यार्थियों के लिए क्या उपयोगिता है, टीम निर्माण में किन बातों का प्रमुखता से ध्यान रखा जाता है, विद्यालय सुधार में हितधारकों शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, अभिभावक, विद्यार्थी एवं सहयोगी शिक्षकों की भूमिका का क्या महत्व है साथ ही साथ स्कूल आधारित बदलाव के लिए अगली पीढ़ी की लीडरशिप कैसे तैयार की जा सकती है आदि विषयों पर प्रशिक्षण, प्रभारी एके सिंह,सहायक प्राध्यापक आरपी विश्वकर्मा, एफएलएन प्रभारी अरुण पटेल,व्याख्याता विजय बहादुर सिंह, मास्टर ट्रेनर रामस्वरूप चौरसिया, विजय आदर्श, माधव पटेल, दिनेश प्यासी, निरन सिंह, विमल पटेल,राजेश उपाध्याय एवं रेखा सिंह के द्वारा सभी प्रधानाध्यापकों को स्पष्ट किया गया प्रशिक्षण में तकनीकी सहयोग मनीष दीक्षित एवं शिरीष चौरसिया का रहा।

## समर कैंप का हुआ समापन




**हटा।** शासकीय मॉडल स्कूल हटा में विगत 1 मई से 16 मई तक समर कैम्प का आयोजन किया गया जिसका समापन शनिवार को किया गया। समर कैम्प में शामिल छात्र छात्राओं को विभिन्न खेल विधाओं में प्रशिक्षण खेल शिक्षक श्री दिनेश वर्मन द्वारा दिया गया इसके अतिरिक्त पेंटिंग पोस्टर मेकिंग इंग्लिश स्पोकन योगासन कथा कहानी पूर्व संस्कृति विरासत के प्रति जागरूकता के संबंध में छात्रों को विद्यालय के शिक्षकों द्वारा जानकारी दी गई। समापन समारोह में प्राचार्य बीएस राजपूत, कु समीक्षा असाटी, नीता मिश्रा, श्री रामेश्वर रावत, सौम्य प्यासी, राजेंद्र विश्वकर्मा नितिन शिवहरे अतिथि शिक्षक ओंकार तिवारी एवं अभिषेक विश्वकर्मा के साथ छात्र अभिभावकों की भी उपस्थिति रही।

## समयावधि में समस्त कार्यवाहियों पूर्ण की जाना सुनिश्चित किया जाये-कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी

**दमोह।** राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल द्वारा पंचायत उप निर्वाचन 2025 हेतु 31 मार्च 2025 की स्थिति में विभिन्न पंचायतों में रिक्त हुए पंच पद के निर्वाचन संपन्न कराये जाने के पूर्व 01 जनवरी 2025 की स्थिति में संबंधित ग्राम पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची तैयार / पुनरीक्षण कराये जाने हेतु परिशिष्ट एक में कार्यक्रम निर्धारित किया गया हैं। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने पूर्व में जारी आदेश में आंशिक संशोधन करते हुये राजस्व अधिकारियों को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी / अपीलीय अधिकारी के कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिये अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विकासखंड की संबंधित ग्राम पंचायतों के लिये पदाभिहित किया है। अपर कलेक्टर को अपील अधिकारी पदाभिहित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कोचर ने विकासखण्ड दमोह अर्न्तगत ग्राम पंचायत भूरी, बॉसातारखेड़ा, पटौहा, टौरी, सिहोरा पड़रिया, रामगढ़, झापन, बरवांसा, मरहाहार, समन्ना, बिजौरी, अधरौटा ग्राम पंचायतें के लिये अनुविभागीय अधिकारी राजस्व दमोह को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं तहसीलदार दमोह एवं नायब तहसीलदा दमोह को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी पदाभिहित किया गया है। विकासखण्ड पथरिया अर्न्तगत ग्राम पिपरिया चंपत, सुहाव, रानगिर, जेरठ, मोहनपुर, बरधारी, सेमराबुजुर्ग ग्राम पंचायत के लिये अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पथरिया को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं तहसीलदार पथरिया एवं नायब तहसीलदार पथरिया को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी पदाभिहित किया गया है। विकासखण्ड जबेरा अर्न्तगत ग्राम पंचायत हरदुआ मानगढ़, माला मानगढ़, सिंग्रामपुर ग्राम पंचायत के लिये अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तेन्दूखेड़ा को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं तहसीलदार तेन्दूखेड़ा एवं नायब तहसीलदार तेन्दूखेड़ा को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी पदाभिहित किया गया है। इसी प्रकार विकासखण्ड तेंदूखेड़ा की ग्राम पंचायत धनगौर कलां के लिये अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तेन्दूखेड़ा को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं तहसीलदार तेन्दूखेड़ा एवं नायब तहसीलदार तेन्दूखेड़ा को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी पदाभिहित किया गया है। विकासखण्ड पटेरा की ग्राम पंचायत पड़री सहजपुर के लिये अनुविभागीय अधिकारी राजस्व हटा को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं तहसीलदार हटा एवं नायब तहसीलदार हटा को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी पदाभिहित किया गया है तथा बटियागढ़ ग्राम पंचायत कैथोरा, फतेहपुर, बटियागढ़ की ग्राम पंचायतों के लिये अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पथरिया को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं तहसीलदार बटियागढ़ एवं नायब तहसीलदार बटियागढ़ को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी पदाभिहित किया गया है।

## खबर संक्षेप

### रोजगार-स्वरोजगार संबंधी दिया गया मार्गदर्शन

**दमोह।** पॉलिटेक्निक महाविद्यालय दमोह में डॉ स्वाति मारवा द्वारा करियर काउंसलिंग की गई एवं रोजगार-स्वरोजगार से संबंधित मार्गदर्शन दिया। 27 मई 2025 को आयोजित होने वाले युवा संगम रोजगार मेले के सम्बन्ध में जानकारी दी। उन्होंने कहा अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर युवा संगम कार्यक्रम में भाग ले। साथ ही अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन करें।

### 24 वां जैविक/ प्राकृतिक खेती उत्पाद हाट-बाजार आज

**दमोह।** जिला प्रशासन द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार गर्मी का समय होने के कारण किसानों एवं उपभोगताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अब प्रत्येक रविवार को प्रातः 07 बजे से दोपहर 12 बजे तक जटाशंकर पार्क के पास लगाया जा रहा हैं। इसी क्रम में 24 वां जैविक/प्राकृतिक खेती हाट बाजार 18 मई 2025, दिन रविवार को लगाया जायेगा। उप संचालक कृषि जेएल प्रजापति ने बताया जैविक/प्राकृतिक खेती उत्पाद हाट बाजार में सिंगल यूज पॉलीथिन प्रतिबंधित रहेगी। क्रेतागण घर से थैला लेकर ही आये। स्व-सहायता समूह द्वारा कपड़े के थैलों का भी एक स्टॉल लगाया जा रहा हैं।

### निर्यापक मुनि श्री सुधा सागर जी पहुंचे कटंगी

**सिंग्रामपुर।** आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज जी के परम शिष्य सुधा सागर महाराज जी का शनिवार कि सुबह सिंग्रामपुर जैन मंदिर से कटंगी नगर के हुआ महाराज जी के साथ छुल्लक ऐलक और ब्रह्मचारी भैया जी भी चल रहे हैं। महाराज जी का मंगल विहार लमेटा नगर ओर चल रहा है। कटंगी मे महराज जी का रात्रि विश्राम होगा जिज्ञासा समाधान लाभ नगर वासियों को मिलेगा।

कर्ज से परेशान था मृतक शिक्षक, आत्महत्या की जताई जा रही आशंका, पुलिस शीघ्र करेगी खुलासा

# डीआईजी ने लूट व हत्याकांड को लेकर घटना स्थल एवं गांव में पहुंचकर की जांच पड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा



विगत गुरुवार की रात्रि हारट नहर के पास हुई लूट एवं हत्याकांड के घटनाक्रम को लेकर शनिवार को सागर डीआईजी सुनील कुमार जैन एएसपी संदीप मिश्रा, पथरिया एसडीओपी रघु केशरी, हटा थाना टीआई धर्मेंद्र उपाध्याय, मगरोन थाना प्रभारी ब्रजलाल पटेल के साथ हारट नहर के पास घटनास्थल पर पहुंचे जहां शिक्षक राजेश त्रिपाठी को जिंदा जलाने के मामले में विस्तृत जांच पड़ताल की और इसके उपरांत सुनवाहा गांव भी पहुंचे जहां मृतक के भाई से पूछताछ की। जहां सूत्रों के मुताबिक जानकारी में सामने आया कि मृतक पूर्व से कई लाखों के कर्ज में डूबा हुआ था जिसके संबंध में मृतक के भाई से पुलिस द्वारा पूछताछ करने के दौरान पूर्व में दिए कथनों मैं भिन्नता सामने आ रही है वहीं पुलिस द्वारा जांच हेतु बनाई गई पांच टीमों के द्वारा जुटाए गए साक्ष्यों मैं भी अलग-अलग तथ्य सामने आने की जानकारी सामने आ रही है जिसमें बताया जा रहा है कि मृतक द्वारा हटा के ककराई निवास पर अपना बहु मंजिला इमारत बनाया गया था जिस दौरान कुछ पड़ोसियों से भी कर्ज लिया गया वहीं स्टेट बैंक द्वारा पूर्व में 11 लाख का कर्ज लिया गया एवं श्री राम बैंक फाइनेंस कंपनी द्वारा 4 लाख रुपए का कर्ज़ सामने आ रहा है इसके अलावा मूल गांव सुनवाहा में भी कर्ज लेने की बात सामने आई है जिसको लेकर मृतक काफी परेशान था। बताया गया कि कुछ दिन पूर्व मृतक द्वारा अपने गांव सुनवाहा में भागवत कथा का आयोजन किया गया था जिसका भी कर्ज होना बताया जा रहा है एवं इसके पूर्व गांव में एक धार्मिक चबूतरे का निर्माण भी उनके द्वारा कराया गया था वही मृतक अपनी बेटी व बेटे की पढ़ाई भी इंदौर व भोपाल में कराई जा रही थी जिसके कारण भी कर्ज में डूबा होना बताया जा रहा है। पुलिस ने साइबर सेल की मदद से मृतक के मोबाइल की कॉल डिटेल से संबंधित जिन लोगों से कर्ज को लेकर बातचीत की गई उनसे भी पूछताछ की जा रही है वहीं मृतक द्वारा अंतिम समय घटना के पूर्व भाई से की गई बातचीत में भी भिन्नता आने पर आत्महत्या करने का अंदेशा सामने आ रहा है। डीआईजी सागर द्वारा की गई जांच पड़ताल की बाद शीघ्र ही घटना में खुलासा करेगी जिसमें खौफनाक वारदात का सच सबके सामने होगा।

## शासकीय कार्यालयों में घट रही घटनाओं को दृष्टिगत एसडीएम ने जारी किया प्रतिबंधात्मक आदेश

**तेंदूखेड़ा।** बीते दिनों में तहसील कार्यालय, अधिकारियों के आवासीय परिसर और अन्य विभागों के कार्यालयों में घटित हुई घटनाएं जैसे चोरी, शासकीय संम्पत्ति के साथ तोड फोड, अप्राधिकृत एवं गैर कानूनी तरीके से प्रवेश किए जाने की घटनाएं एसडीएम के संज्ञान में आई है। जिससे उपखण्ड तेन्दूखेडा स्थित शासकीय कार्यालयों एवं विभिन्न शासकीय परिसरों में क्षति और आपराधिक कृत्यों के कारण कानून और व्यवस्था से संबंधित संकट उत्पन्न हो गया है, जिसका निवारण किया जाना आवश्यक है। उपरोक्त तथ्यों और घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए सौरभ गंधर्व, उपखण्ड मजिस्ट्रेट ने प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं समस्त शासकीय कार्यालयों एवं विभिन्न शासकीय भवनों जिनमें स्कूल, अस्पताल, आंगनबाडी, गौशालाएं, शासकीय छात्रावास और अन्य समस्त शासकीय निर्माणाधीन भवनों एवं परिसरों में शासन द्वारा निर्धारित समय एवं प्राधिकृत व्यक्ति को छोडकर अन्य समस्त प्रकार के व्यक्ति/व्यक्ति समूह / वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। शासकीय भवनों का सार्वजनिक हित एवं बिना सक्षम अनुमति के अतिरिक्त उपयोग नहीं किया जा सकेगा। शासकीय परिसरों का बिना सक्षम अनुमति और सार्वजनिक हित के अतिरिक्त उपयोग नहीं किया जा सकेगा। विभिन्न शासकीय कार्यालय / न्यायालय एवं अधिकारियों के शासकीय आवास परिसरों में शासकीय अवकाश दिवसों में बिना सक्षम अनुमति और प्राधिकार के प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। 5. समस्त शासकीय परिसरों एवं निर्माणाधीन शासकीय संरचनाओ में सार्वजनिक हित एवं सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के अतिरिक्त वाहनों आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। चूंकि यह आदेश सर्व साधारण को संबोधित है और यह आदेश भविष्य में लोक शांति और सार्वजनिक हित बनाए रखने हेतु जारी किया जा रहा है एवं वर्तमान परिस्थितियों में इसकी तामीली एवं सम्यक समय में प्रत्येक व्यक्ति की व्यक्तिशः सुनवाई किया जाना संभव नहीं है, इसलिए यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 (2) के अंतर्गत एक पक्षीय उक्त आदेश का उल्लंघन / चूक करने पर दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा-223 के अंतर्गत वैधानिक एवं दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी।

### एम्बुलेंस की फिटनेस चेक किये जाने संबंधित अधिकारियों को दिये निर्देश

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिला परिवहन अधिकारी एवं सीएमएचओ को जिले में संचालित सभी एम्बुलेंसों / निजी एम्बुलेंसों / जननी सुरक्षा एम्बुलेंस / 108 एम्बुलेंस परिवहन की दृष्टि से फिटनेस चैकिंग अगले 15 दिवस में कराये जाने के निर्देश दिये है। उन्होंने कहा एम्बुलेंस वार फिटनेस की स्थिति की जानकारी 05 जून 2025 तक कलेक्टर कार्यालय को उपलब्ध कराई जाये। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला परिवहन अधिकारी को जिले में संचालित सभी एम्बुलेंसों की सूची प्रदान करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा जिले में संचालित सभी एम्बुलेंसों / निजी एम्बुलेंसों / जननी सुरक्षा एम्बुलेंस / 108 एम्बुलेंसों की चिकित्सा मापदण्डों की दृष्टि से फिटनेस अगले 15 दिवस में चैक कराएगें और इसकी एम्बुलेंस वार रिपोर्ट इस कार्यालय को 05 जून 2025 तक उपलब्ध करायेगें। इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाये, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही होने पर संबंधित अधिकारी व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे।

## तीन अवैध हथगोला के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

**दमोह।** कोतवाली पुलिस ने 03 नग अवैध हथगोला बरामद कर 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा अवैध विस्फोटक सामग्री के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है जो पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देशन, अति० पुलिस अधीक्षक दमोह एवं नगर पुलिस अधीक्षक दमोह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस द्वारा दिनांक 17.05.2025 को मुखबिर की सूचना पर चमड़ा फैक्ट्री का मैदान चैनपुरा दमोह से तीन आरोपियों के कब्जे से 03 नग अवैध हथगोला (विस्फोटक पदार्थ) जप्त किये गये आरोपियो के विरूद्ध थाना कोतवाली दमोह में अपराध क्र 346/2025 धारा 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 1908 के तहत पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। आरोपियों में मोनू पिता पज्जू उर्फ मुन्ना रैकवार उम्र 32 साल नि. बजरिया वार्ड नं. 07 दमोह, कैलाश पिता स्व.श्री भगवान सिंह सोलंकी ठाकुर उम्र 44 साल नि. बजरिया वार्ड 07 दमोह, अरबाज पिता असीम खान उम्र 26 साल नि. सुलतानी मोहल्ला दमोह को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीन तीन नग हथगोला (विस्फोटक सामग्री) कीमती 3000/- रुपये जब्त की। सराहनीय कार्य करने वालों में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार, सउनि राकेश पाठक, प्र.आर. सूर्यकांत पाण्डेय आर. नरेन्द्र पटेरिया, आर. मनोज पाण्डेय, आर, रानू राय थाना कोतवाली दमोह का सहयोग रहा।

## लापरवाही: शादियों के सीजन में बेलगाम गति से दौड़ रहे वाहन





**तेंदूखेड़ा।** नगर के मुख्य मार्गो से प्रतिदिन मालवाहक एवं ट्रैक्टर ट्रॉलियों में भरकर सवारियां ढोई जा रही हैं। मालवाहक एवं ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में बड़ी संख्या में सवारियां भरकर बेलगाम गति से वाहन दौड़ रहे हैं। जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। पूर्व में मालवाहकों एवं कृषि उपयोगी वाहनों से सवारियां होने पर कई वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं इसके बावजूद पुलिस विभाग द्वारा ऐसे वाहनों पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। बताया जा रहा है कि ग्रामीण अंचलों से अधिकांश सवारियां माल वाहकों एवं ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से ही ढोर्इ जा रही है। जिसमें वैवाहिक कार्यक्रमों के लिए भी इनका उपयोग किया जा रहा है। मुख्य मार्ग के व्यापारियों ने बताया बड़ी संख्या में मालवाहक वाहनों में सवारियां ठूंस-ठूंस के भरकर ले जाई जा रही हैं। कई बार तो 207-407 आदि में पीछे पार्टीशन करके भी सवारियां बैठाई जा रही हैं। इसके अलावा ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में सवारियां बैठाकर एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि मुख्य मार्ग से जब बड़ी संख्या में मालवाहकों से सवारियां गुजर रही हैं तो ग्रामीण अंचलों में स्थिति क्या होगी इसका अंदाज़ स्वयं ही लगाया जा सकता है। पूर्व में अंचलों में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से दुर्घटनाएं हुई हैं। मालवाहकों से भी सवारियां होने से कई मौत के बावजूद पुलिस विभाग द्वारा अंकुश नहीं लगाया जा रहा जिससे बेलगाम गति से मालवाहक एवं टेक्टर ट्रालियां सवारियां लेकर मार्गो से गुजर रहे हैं।

## रोक के बाद भी छात्रावास के बाजू से बने चीलघर में हो रहा पीएम

**तेंदूखेड़ा।** आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित आदिवासी छात्रावास के बाजू से प्रशासन द्वारा चील घर का निर्माण किया गया है जिसके विरोध में जय आदिवासी युवा शक्ति जयस द्वारा जिला कलेक्टर के नाम अनुविभागीय अधिकारी तहसील तेंदूखेड़ा को ज्ञापन सौपा गया था। इसके बाद भी प्रशासन



द्वारा छात्रावास के बाजू से बना चील घर में पोस्टमार्डम का कार्य चालू कर दिया गया है जबकि पूर्व में जिला कलेक्टर द्वारा आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित आदिवासी छात्रावास के बाजू से बने चील घर पर आपत्ति दर्ज कराई गई थी। उनके द्वारा कहा गया था कि किसी भी प्रकार में चील घर को चालू नहीं किया जाएगा। इसके बाद भी स्थानीय प्रशासन द्वारा उच्च अधिकारियों के आदेश का पालन नहीं किया जा रहा है। वर्तमान में पोस्टमार्डम का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है जय आदिवासी युवा शक्ति जयस के प्रदेश संगठन मंत्री श्रीकांत सिंह पोरते ने बताया की सबसे बड़ी बात यह है कि प्रशासन द्वारा गलत तरीके से आदिवासी छात्रावास के बाजू से चील घर का निर्माण किया गया है जो गलत है जबकि पूर्व में आदिवासी समाज द्वारा इसमें आपत्ति दर्ज की गई थी। इसके बाद भी प्रशासन द्वारा इसे चालू कर दिया गया है अगर यही स्थिति रही तो आने वाले समय में आदिवासी समाज के बच्चे इस छात्रावास में अध्ययन कार्य हेतु एडमिशन नहीं लेंगे। उन्होंने बताया कि जब इस विषय पर जिला कलेक्टर द्वारा आपत्ति दर्ज कराई गई है तो इसे चालू क्यों कर दिया गया है। कहीं ना कहीं स्थानीय प्रशासन द्वारा आदिवासी समाज के बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है जो उचित नहीं है। आदिवासी समाज इस विषय को लेकर शांत नहीं बैठेगा प्रशासन द्वारा तत्काल इस पर रोक नहीं लगाई जाती है तो जय आदिवासी युवा शक्ति जयस एवं आदिवासी समाज द्वारा धरना प्रदर्शन एवं आंदोलन किया जाएगा हमारे आदिवासी समाज के वच्चे इस प्रकार के माहौल में अध्ययन कार्य नहीं कर सकते प्रशासन द्वारा उनके बेहतर भविष्य को ध्यान में रखते हुए इस पर तत्काल रूप लगानी चाहिए।

## राजीव अयाची प्रान्तीय कला संयोजक एवं गणेश राय अध्यक्ष निर्वाचित

**दमोह।** संस्कार भारती जिला इकाई की कार्यकारणी का गठन एवं काव्य संध्या का आयोजन शिल्पी नाट्य गृह दमोह में आयोजित किया गया जिसके अध्यक्ष व्यंग्कार डॉ. रघुनंदन चिले मुख्य अतिथि प्रांतीय कोषाध्यक्ष मदज पटेल जबलपुर विशिष्ट अतिथि रबीस सोनी कवियत्री डॉ. प्रेमलता नीलम रंगकर्मी कमलेश यादव जबलपुर इंजीनियरिंग अमर सिंह राजपूत, पी.एस. परिहार रहे। साधारण सभा में सर्व सम्मति से जिला अध्यक्ष डॉ. गणेश राय उपाध्यक्ष सदन नेमा, कोषाध्यक्ष आराधना राय, महामंत्री पी.सी.शर्मा, मंत्री प्रो. डा.अनिल जैन, बी.एम. दुबे, दिनेश जैन-राही, प्रांतीय कला संयोजक रंगकर्मी राजीव अयाची साहित्य धरोहर संयोजक में डॉ रघुनंदन चिले, शिक्षाविद् डॉ.एन. आर राठौर पूर्व प्राचार्य डॉ. प्रेमलता नीलम. इंजीनियर अमर सिंह राजपूत, पी.एस.परिहार, ओजेन्द्र तिवारी, श्रीमती विमला तिवारी को निर्वाचित किया गया। संस्कार भारती के उद्देश्यों पर महाकौशल प्रांत के मदन पटेल ने प्रकाश डाला। काव्य संध्या में नगर के नामचीन शायरों एवं कवियों ने अपनी हिस्सेदारीकी जिसमें युवा शायर अब्दुल अनाम, शोएब, ताहिर दमोही, डॉ रघुनंदन चिले, पी.सी. शर्मा, नरेंद्र अरजरिया, आनंद जैन, दिनेश जैन राही, पी.एस. परिहार, बी.एम.दुबे, चन्दा नेमा, अमर सिंह राजपूत, ओजेन्द्र तिवारी, आराधना राय, आशीष तंतुवाय आदि ने एक से बढ़कर एक रचनाएं पढ़ी नगर के प्रवुद्ध जनों के साथ ही नाट्य कला रंगकर्मियों की उपस्थिति रही संचालन बी.एम.दुबे ने एवं आभार राजीव अयाची ने माना।

## भाजपा के मंत्री जो अर्नगल बयानबाजी कर रहे है उन्हें बर्खास्त किया जायें- अजय टंडन



**दमोह।** मप्र के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा जिम्मेदार मंत्री विजय शाह द्वारा गैर जिम्मेदार बयानों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में जिला कांग्रेस कार्यालय से पूर्व विधायक अजय टंडन के नेतृत्व में पदयात्रा कर बस स्टेण्ड चौराहे पर उक्त मंत्रियों के पुतला दहर कर कांग्रेसजनों ने उनके स्तीफे की मांग की। पूर्व विधायक अजय टंडन ने कहा कि भाजपा सरकार में बैठे मंत्री सेना का अपमान कर रहे है यह मंत्री पीएम मोदी के सामने भारतीय सेना को नतमस्तक करा रहे है जबकि पीएम मोदी को सेना के सामने नतमस्तक होना चाहियें। सेना का अपमान देश का अपमान है। पूर्व नपाध्यक्ष मनु मिश्रा ने कहा कि भाजपा के मंत्री सत्ता के मद में मदमस्त है और मप्र के सीएम द्वारा उन्हें अब तक उनके द्वारा दिये गये बयानो को लेकर अब तक तत्काल बर्खास्त कर देना चाहिए। महिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनी ठाकुर ने कहा कि एक मंत्री ने बहादुर महिला को उटपटांग बयानबाजी करता है तो दुसरा मंत्री पीएम को सेना के सामने नतमस्तक बताता है। यह सब क्या हो रहा है। वीरेन्द्र दबे, आशीष पटेल, बबलू भट्ट, वीरेन्द्र राजपूत, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, शमीम कुरैशी, अरूण मिश्रा, गौरव राय, कमला निषाद, मुख्तार जाफरी, रियाज खान, रफीक खान, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, अभिषेक डिम्हा, अरूण मिश्रा, राहुल जैन, जावेद रोजान ने कहा मिशन सिंदूर पर अपनी पीठ ठोकना फिर उसी पर भाजपा द्वारा अर्नगल बयान बाजी करना सरासर सेना का अपमान है। पुतला दहन के अवसर पर प्रशांत हजारी, सौरभ अयाची, अजरथ सिंह, संजीव अहिरवार, मनमोहन अहिरवार, हेमचंद नामदेव, हेमराज, इनायत अली सहित अनेकों कांग्रेसजनों की उपस्थिति रहीं।

## भारतीय सेना के शौर्य और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में 51 फिट तिरंगे के साथ निकाली तिरंगा यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के पश्चात भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान और पीओके में ऑपरेशन सिंदूर में आतंकवादियों के ठिकानों पर हमला कर उन्हें तहस नहस कर दिया गया। ऑपरेशन सिंदूर की इस सफलता सेना के सम्मान में भारतीय सुरक्षा के लिए नागरिक मंच द्वारा जिला मुख्यालय की आशीर्वाद गार्डन से तिरंगा यात्रा निकली गई जो शहर के घंटाघर एवरेस्ट लाज, बस स्टैंड, बैंक चौराहा, अस्पताल चौराहा से होते हुए एमएलबी स्कूल में समाप्त हुई तिरंगा यात्रा में विभिन्न समाजों की प्रतिनिधि महाविद्यालय एवं विद्यालय छात्र एवं विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। तिरंगा यात्रा में मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी लखन पटेल दमोह विधायक जयंत मलैया सांसद राहुल लोधी विधायक उमा देवी खटीक भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे पूर्व जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी हाथों में तिरंगा लिए देशभक्ति गीतों पर गुनगुनाते और नाचते हुए तिरंगा यात्रा में सम्मिलित हुए। तिरंगा यात्रा में नारी शक्ति द्वारा 51 फीट तिरंगे को लेकर चलती रही और पूरी यात्रा के दौरान सभी भारत माता की जय कारों के साथ नारे लगाते रहे यात्रा के दौरान शहर का माहौल पूर्णतया तिरंगे के सम्मान, सेना के शौर्य की गाथा को नमन करते हुए कदम से कदम मिलाकर चलते रहे। तिरंगा यात्रा के समापन अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने उपस्थित सभी का आभार व्यक्त किया और सेना के शौर्य को नमन किया।





## नोहलेश्वर मढ़ा मंदिर पर तिरंगा रोशनी: भारतीय सेना के शौर्य का प्रदर्शन



**दमोह।** नोहलेश्वर मढ़ा मंदिर नोहटा में शनिवार की शाम को तिरंगा रोशनी से जगमगाया गया, जो भारत का पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों के खिलाफ चलाया गया सिंदूर ऑपरेशन की सफलता का जश्न मनाने और हिंदुस्तानी सेना के शौर्य का प्रदर्शन करने के लिए किया गया था। यह ऐतिहासिक मंदिर दमोह-जबलपुर स्टेट हाईवे पर स्थित है और पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है। केंद्रीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के निर्देश अनुसार 5 दिनों तक नोहलेश्वर मढ़ा मंदिर पर तिरंगा रोशनी होगी देशभक्ति की भावना जगाने के लिए यह आकर्षण सजावट की गई है नोहलेश्वर मंदिर कि यह छटा विशेष रूप से मनमोहक लग रही है, इसी भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम से जोड़कर देख रहे हैं यह दृश्य क्षेत्र वासियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बन गया है।

**कार्यालय नगर परिषद पटेरा जिला दमोह (म.प्र.)**

क्र./ न.प./प्रधानमंत्री आवास /2025/714 — पटेरा दिनांक 15/05/2025

**प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 दावा / आपत्ति सूचना**

विषयान्तर्गत लेख है कि प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत आवास योजना की सूची नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो वह कार्यालीन समय में दिनांक 21.05.2025- सायं 05 बजे तक स्वंय निकाय कार्यालय में प्रस्तुत होकर कर सकते है। नियत तिथि तक उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नही होगी, प्रारंभिक सूची कार्यालय नगर परिषद पटेरा के सूचना पटल पर चस्पा सूची देखी जा सकती है। सूचित हो।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद पटेरा, जिला दमोह